<u>समाचार</u>

# रोका–छेका अभियान

# 11 मवेशियों को पकड़ कर पहुॅचाया गया गौठान

## (निगम द्वारा चलाया जा रहा आवारा पशुओं के नियंत्रण का अभियान)



**कोरबा 30 जून 2020** – नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा रोका–छेका अभियान के तहत् शहर की सड़कों पर आवारा रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौठान या कांजीघर पहुँचाने का अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में सोमवार–मंगलवार की दरमियानी रात 11 मवेशियों को सड़कों से काऊकेचर वाहन के माध्यम से उठाकर गौठान पहुँचाया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ शासन के महत्वपूर्ण अभियान रोका–छेका अभियान की शुरूवात 19 जून को की गई थी। शहर की सड़कों पर स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनती है तथा आवागमन करने वाले लागों को अनावश्यक परेशानी होती है। इन आवारा पशुओं को सड़कों से उठाकर उन्हें सुरक्षित रूप से गौठान या कांजीघर पहुँचाने का कार्य निगम अमले द्वारा रात्री के समय किया जा रहा है। सोमवार–मंगलवार की दरमियानी रात्रि भी रात्रि 9:30 बजे से 2:00 बजे तक यह अभियान स्टेडियम चौक से सी.एस.ई.बी.चौक से तानसेन चौक से कोसाबाड़ी व

शास्त्री चौक तक के मार्गो में चलाया गया तथा 11 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर गौठान पहुँचाया गया।

**<u>पशुपालकों से अपील</u>** :– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रान्तर्गत समस्त खटाल संचालकों, पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना पालतू दुधारू पशु या अन्य मवेशियों को मुख्य मार्गों, सहायक सड़कों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों आदि में खुला ना छोड़ें। पशुओं के खुले में विचरण करते पाये जाने पर निगम द्वारा उन्हें कांजीघर एवं गोठान में पहुंचाने की कार्यवाही की जायेगी, तत्पश्चात् निर्धारित शुल्क/अर्थदण्ड जमा करने के पश्चात् ही मवेशियों को छोड़ा जायेगा। अतः निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचने के लिए पशुओं को सड़कों, सार्वजनिक स्थानों पर कदापि ना छोड़ें।

**फोटो कमांक–2**